# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/ 4358
दिनांक :- 17-11-2022

सेवा में,

01. सचिव/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध संस्थान/महाविद्यालय,
सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

02. समस्त विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष/निदेशक
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ।

**विषय**:- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के शिक्षकों हेतु प्रोफेशनल डेवलमेंट प्रोग्राम के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ के पत्रांकः /रा0उ0शि0प0/ दिनांक 28.10.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के शिक्षकों हेतु प्रोफेशनल डेवलमेंट प्रोग्राम के सम्बन्ध में है।

उक्त के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के शिक्षकों हेतु प्रोफेशनल डेवलमेंट प्रोग्राम के अन्तर्गत आनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षित शिक्षकों की सूचना उत्तर प्रदेश राज्य शिक्षा परिषद, लखनऊ की ई-मेल आई0डी0 upshec@gmail.com पर प्रेषित की जानी है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि संलग्न पत्र में उल्लेखित निर्देशानुसार शिक्षकों का चयन कर सूचना तत्काल शासन की ई-मेल पर प्रेषित करते हुए कृत कार्यवाही से विश्वविद्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः- उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

15.11.2022

कुलसचिव

प्रतिलिपिः-

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
03. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
04. प्रभारी, वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

कार्यालय अधीक्षक (सम्बद्धता)

प्रेषक,

संख्या– 3824 /सत्तर–3–2022–08(35)/2020

मनोज कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. निदेशक,
उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश।
प्रयागराज।

2. कुलसचिव,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय
उ0प्र0।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3

लखनऊ : दिनांक 21 अक्टूबर, 2022

विषयः–राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के कियान्वयन के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के शिक्षकों हेतु प्रोफेशनल डेवलपमेन्ट प्रोग्राम के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ के पत्र संख्या–IG/RCL/NEP-PDP/ दिनांक 10.10.2022 (छायाप्रति संलग्नक सहित संलग्न) का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के कियान्वयन के सम्बन्ध में इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा यू0जी0सी0–एच0आर0डी0सी0 कार्यकमों के समतुल्य मान्यता प्राप्त ''प्रोफेशनल डेवलपमेन्ट प्रोग्राम'' में ऑनलाइन प्रशिक्षण हेतु उच्च शिक्षा विभाग के अधीन प्रदेश स्थित विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

2– उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत ''प्रोफेशनल डेवलपमेन्ट प्रोग्राम'' एक 36 घंटे का प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा यू0जी0सी0–एच0आर0डी0सी0 के 06 दिवसीय शार्ट टर्म प्रोफेशनल डेवलपमेन्ट प्रोग्राम के समतुल्य मान्यता प्रदान की गयी है। प्रश्नगत प्रशिक्षण कार्यक्रम को 06–09 दिवसों में पूर्ण किया जा सकता है।

3– यह अवगत कराना है कि उक्त कार्यक्रम हेतु पंजीकरण इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र द्वारा ''समर्थ'' प्लेटफार्म पर किया जा रहा है एवं इसका संचालन ''स्वयं'' प्लेटफार्म के माध्यम से किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण को करने में किसी भी प्रकार के अवकाश की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि समस्त प्रशिक्षण ऑनलाइन संचालित होगा। इस प्रशिक्षण हेतु कुलपति/प्राचार्य का संस्तुति पत्र अथवा संस्था का आई0डी0 कार्ड अपलोड करना अनिवार्य होगा।

4– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने से सम्बन्धित संस्थान के प्रत्येक संकाय में स्थापित प्रत्येक विभाग से कम से कम 01 अथवा 02 शिक्षकों को प्रश्नगत ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंजीकरण कराते हुए प्रतिभाग किये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरान्त प्रशिक्षित शिक्षकों की जानकारी शासन को उपलब्ध

कराने का कष्ट करें। उक्त कार्यक्रम के विषय में विस्तृत विवरण प्राप्त करने हेतु IGNOU की वेबसाइट पर उपलब्ध सामग्री/Brochure का अवलोकन किया जा सकता है।

**संलग्नक–यथोक्त।**

भवदीय,

21.1.2022

**( मनोज कुमार )**
विशेष सचिव।

**संख्या–3824 (1) /सत्तर–3–2022–तद्दिनॉक:**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1– कुलपति, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।

2– वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ, उ0प्र0।

3– समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।

4– अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया प्रश्नगत प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षित शिक्षकों की सूचना संकलित कर समेकित सूचना शासन को उपलब्ध कराने कष्ट करें।

5– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

**( सर्वेश कुमार सिंह )**
संयुक्त सचिव।

Mail : upshec@gmail.com,
Website : www.uphed.gov.in/council
Phone : 0522-2287025
0522-4306795

# उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्

619, इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ – 226001

पत्रांक : — /रा0उ0शि0प0/— /—
दिनांक 28 अक्टूबर, 2022

सेवा में,

1 निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

2 कुलसचिव,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

विषयः **राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के शिक्षकों हेतु प्रोफेशनल डेवलपमेन्ट प्रोग्राम के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या 3824/सत्तर–3–2022–08(35)/2020 दिनांक 21 अक्टूबर, 2022 (प्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के शिक्षकों हेतु **प्रोफेशनल डेवलपमेन्ट प्रोग्राम** के अन्तर्गत ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षित शिक्षकों की सूचना उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ की ई0मेल आई0डी0 ***upshec@gmail.com*** पर साफ्टकॉपी एवं **PDF File** में ही उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे सूचना संकलित कर समेकित सूचना शासन को उपलब्ध करायी जा सके।
संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय

(प्रो0 आर0के0 चतुर्वेदी)
अपर सचिव

पत्रांक : 487/रा0उ0शि0प0/53/19 तद्दिनांक।
प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन एवं सदस्य सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद को प्रमुख सचिव महोदय के अवगतार्थ।
2. कुलपति, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
3. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन।
4. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।

28.10.22

(प्रो0 आर0के0 चतुर्वेदी)
अपर सचिव